**Re : Need for revival of Lohagarh (Shankargarh) refinery in Allahabad Parliamentary Constituency-laid**

श्री उज्ज्वल रमण सिंह **(इलाहाबाद) :** मैं सरकार को अवगत कराना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लोहगढ़ (शंकरगढ़) मे विगत कई वर्षों पहले भारत पेट्रोलियम के रिफाइनरी प्लांट की स्थापना किए जाने हेतु किसानों से जमीन अधिग्रहीत की गई थी तथा उस समय यह बताया गया था कि बीना रिफाइनरी के चालू होने के पश्चात् इस रिफाइनरी को चालू किया जाएगा ।

बीना रिफाइनरी को चालू हुए कई वर्ष बीत गए हैं परन्तु लोहगढ़ रिफाइनरी अभी तक चालू नही हुई है । इस रिफाइनरी का शिलान्यास तत्कालीन पैट्रोलियम मंत्री द्वारा किया गया था । अत: मेरा सरकार से आग्रह है कि लोहगढ़ (शंकरगढ़) रिफाइनरी प्लांट को जनहित में तुरंत चालू करने हेतु आवश्यक कदम उठाएं जाएं ।